I/363105/2023

# विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-36 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **36(क)** क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज व झांसी मण्डल के अन्तर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण हेतु कौन-कौन सी योजनाएं वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रचालित है और उक्त योजनाओं से जनता को कितना लाभ प्राप्त हो रहा है? | जी हाँ।<br><br>प्रयागराज एवं झाँसी मण्डल में समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति कल्याण हेतु वित्तीय वर्ष-2023-24 में अनुसूचित जाति अत्याचार उत्पीड़न योजना, पूर्वदशम/दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण योजना प्रचलित है। इन योजनाओं से अनुसूचित जाति के पात्रता की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है।<br><br>प्रयागराज मण्डल के जनपदों में अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत कोई भी जाति सूचीबद्ध नही है। इसी प्रकार झाँसी मण्डल के जालौन एवं झाँसी जनपद में भी कोई भी जाति अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध नहीं है। झाँसी मण्डल के जनपद ललितपुर में सहरिया जाति अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में सूचीबद्ध है। जनपद-ललितपुर में अनुसूचित जनजातियों के कल्याणार्थ विभाग द्वारा संचालित योजनायें यथा पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, बाइसिकिल यूनीफार्म योजना, अत्याचार से उत्पीड़ित अनुसूचित जनजातियों की सहायता योजना संचालित की जा रही है। उक्त योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवेदन पत्र प्राप्त होने पर पात्र लोगों में योजना का लाभ प्रदान किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।<br><br>जनपद में निवासरत वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों को वनाधिकार अधिनियम-2006 के अन्तर्गत वन भूमि के अधिकार प्रदान किये गये हैं। इन जनजातियों के शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु 01 एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय, बानपुर तहसील-महरौनी, जनपद, ललितपुर में निर्माणाधीन है। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नही उठता। |

( असीम अरुण )
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

Signed by असीम अरुण
Date: 04-08-2023 18:33:53
Reason: Approved